**भारत सरकार**

**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं० 2597**

**दिनांक 19.03.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए**

आंध्र प्रदेश में परिवारों की शौचालयों तक पहुंच

**2597. श्री वि० विजयसाई रेड्डीः**

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश में 31,38,357 घरों की शौचालय तक पहुंच नहीं है;

(ख) क्या यह भी सच है कि लगभग 44 प्रतिशत परिवारों की शौचालयों तक पहुंच नहीं है;

(ग) क्या राज्य शौचालयों के निर्माण हेतु स्वच्छ भारत मिशन के तहत निधि प्रदान करने की मांग कर रहा है;

(घ) यदि नहीं, तो आंध्र प्रदेश की आधी जनसंख्या को शौचालय सुविधा उपलब्ध न होने के क्या कारण हैं; और

(ङ) आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई वार्षिक कार्यान्वयन योजना का गत तीन वर्षों के दौरान वर्ष–वार तथा जिले–वार ब्यौरा क्या है और केन्द्र सरकार ने उक्त के संबंध में क्या कदम उठाए हैं?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)**

(क) दिनांक 15.03.2018 की स्थिति के अनुसार आंध्र प्रदेश में केवल 594702 परिवारों के पास शौचालय उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) दिनांक 15.03.2018 की स्थिति के अनुसार आंध्र प्रदेश में 8.37% परिवारों के पास शौचालय उपलब्ध नहीं हैं।

(ग) जी हाँ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ड.) पिछले तीन वर्षों के दौरान वार्षिक कार्यान्वयन योजना में आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई निधियों की आवश्यकता निम्नानुसार है :-

| **वर्ष** | **अपेक्षित निधियां (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|
| 2015-16 | 1873.04 |
| 2016-17 | 454.27 |
| 2017-18 | 2143.39 |

मंत्रालय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के आधार पर पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार को जारी की गईं निधियां निम्नानुसार हैं :-

| **वर्ष** | **जारी निधियां (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|
| 2015-16 | 234.17 |
| 2016-17 | 342.21 |
| 2017-18(15.3.2018 तक) | 1190.71 |